भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.4757

21 **अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

झुंझुनू में स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम)

4757.**श्री बृजेन्द्र सिंह ओलाः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान के झुंझुनू शहर जैसे तेजी से बढ़ते शहरी क्षेत्र को स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) से बाहर रखा गया है, जबकि कई अन्य छोटे शहरों को इसमें शामिल किया गया है;

(ख) यदि हों, तो इसके क्या औचित्य/कारण हैं;

(ग) क्या सरकार भविष्य में झुंझुनू शहर को स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत शामिल करके शहरी क्षेत्र के विकास के लिए बजट उपलब्ध कराने का विचार रखती है;

(घ) यदि हों, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कब तक पूरा होने की संभावना है, और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख) चुनौती प्रक्रिया के 2 चरणों के बाद स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के तहत 100 शहरों का चयन किया गया है। पहले चरण में, राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकार ने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के भीतर संभावित स्मार्ट शहरों को शॉर्टलिस्ट किया। पहले चरण में सफल होने वाले शहरों को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के दूसरे चरण के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) को अनुशंसित किया गया था। स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के तहत राजस्थान राज्य में चार शहरों, अर्थात अजमेर, जयपुर, कोटा और उदयपुर का चयन किया गया है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चयन के लिए राजस्थान राज्य सरकार द्वारा अनुशंसित शहरों में झुंझुनू को शामिल नहीं किया गया था।

(ग) से (ङ) 31 मार्च, 2025 को स्मार्ट सिटी मिशन संपन्न होने के साथ, एससीएम के तहत नए शहरों को जोड़ने के लिए एससीएम के तहत कोई और बजटीय प्रावधान नहीं है।

****